an>

Title: Need to provide stoppage of train no. 15105/06 at Mairwa railway station, Siwan district, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) ः गाड़ी सं. 15105/06 जो छपरा से मथुरा तक जाती है। इस ट्रेन का मैरवा रेलवे स्टेशन पर ठहराव हेतु मैंने माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर ज्ञापन दिया था। इस ट्रेन का मैरवा में ठहराव होना अति आवश्यक है क्योंकि सुबह के समय, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर जाने वाले यात्रियों को इससे लाभ मिलेगा। पूर्व में भी इस ट्रेन के ठहराव हेतु वहां के जनप्रतिनिधियों ने मा. रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया था। परंतु अभी तक रेल मंत्रालय ने इस गाड़ी का ठहराव मैरवा स्टेशन पर नहीं किया है।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में गाड़ी संख्या 15105/06 का ठहराव मैरवा रेलवे स्टेशन, सीवान, बिहार पर यथाशीघ्र कराने की कृपा करें।